जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, अल्मोड़ा।
प्रथम जनपदीय टैक्नो मेला–2023–24
आख्या

एस.सी.ई.आर.टी.,उत्तराखण्ड, देहरादून के पत्र पत्रांक IT/3079–81/टैक्नो मेला/2023–24 दिनांक 15 जुलाई, 2023 में दिए गए निर्देशों के अनुपालन जनपद स्तरीय टैक्नो मेला का आयोजन दिनांक 04 सितम्बर, 2023 को जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान, अल्मोड़ा में किया गया । टैक्नो मेला–2023 में जनपद के विभिन्न विकासखण्डों से सभी तीनों समूहों कक्षा 6–8, कक्षा 9–10 व कक्षा 11–12 से प्राप्त डिजिटल सामग्रियों का मूल्यांकन किया गया।

उत्तराखण्ड में पहली बार यह मेला आयोजित किया जा रहा है। टैक्नो मेले का उद्‌देश्य शिक्षा में प्रौद्योगिकी और ई–कंटेंट को बढ़ावा देना है। जिससे छात्रों को ग्लोबल शिक्षा के साथ–साथ तकनीकी उन्नति के क्षेत्र में भी सहायता प्रदान हो। टैक्नो मेला विद्यार्थियों के लिए सीखने और सिखाने का नया मंच है । जिससे शिक्षा के क्षेत्र मे तकनीक और प्रौद्योगिकी को बढ़ाने में काफी मदद मिलेगी। टैक्नो मेला–2023 में जनपद के विभिन्न विकासखण्डों से सभी तीनों समूहों कक्षा 6–8, कक्षा 9–10 व कक्षा 11–12 में छात्र–छात्राओं द्वारा अपने मार्गदर्शक शिक्षक के साथ प्रतिभाग किया गया। मेले में प्रतिभागी छात्र–छात्राओं द्वारा अनेक विषयों पर आई.सी.टी. टूल्स की मदद से कंटेंट तैयार कर उसे पोस्टर, बैनर, वीडियो, ऑडियो के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।

टैक्नो मेला सर्वप्रथम विद्यालय स्तर पर आयोजित किया गया। विद्यालय स्तर पर चयनित विद्यार्थियों द्वारा अपने–अपने विकासखण्ड में आयोजित मेले में प्रतिभाग किया गया तत्पश्चात विकासखण्ड स्तर पर चयनित विद्यार्थियो द्वारा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, अल्मोड़ा में आयोजित ऑफलाइन प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया। उक्त प्रतियोगिता विद्यालय स्तर व विकासखण्ड स्तर पर ऑनलाइन आयोजित की गई। डायट स्तर पर आयोजित टैक्नो मेले में प्रत्येक वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त छात्र–छात्राओं द्वारा राज्य स्तरीय मेले में प्रतिभाग किया जायेगा।

जनपद स्तर पर विभिन्न वर्गो में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त छात्र–छात्राओं का विवरण निम्नवत् है–

समूह 'A' (कक्षा 6–8)

क्र.स.	प्रतिभागी का नाम	कक्षा	विद्यालय का नाम	विकासखण्ड	परिणाम
1	अंजलि रौतेला	8	रा.आ.जू.हा. महतगाँव	द्वाराहाट	प्रथम
2	नेहा भट्‌ट	8	रा.क.इ.का. बाड़ेछीना	भैसियाछाना	द्वितीय
3	नेहा पंत	8	रा.इ.का. मनान	ताकुला	तृतीय

समूह 'B' (कक्षा 9–10)

क्र.स.	प्रतिभागी का नाम	कक्षा	विद्यालय का नाम	विकासखण्ड	परिणाम
1	दीपक पंत	9	रा.इ.का. मनान	ताकुला	प्रथम
2	हर्षिता भट्‌ट	9	रा.इ.का. सोमेश्वर	ताकुला	द्वितीय
3	भुवन तिवारी	9	रा.इ.का. सोमेश्वर	ताकुला	तृतीय

समूह 'C' (कक्षा 11–12)

क्र.स.	प्रतिभागी का नाम	कक्षा	विद्यालय का नाम	विकासखण्ड	परिणाम
1	रूचि जोशी	11	रा.क.इ.का. बाड़ेछीना	भैसियाछाना	प्रथम
2	रोहित कुमार	11	रा.इ.का. मनान	ताकुला	द्वितीय
3	विपुल पाण्डेय	12	रा.इ.का. चित्रेश्वर	चौखुटिया	तृतीय

(अशोक कुमार बनकोटी)
कार्यक्रम समन्वयक, डायट अल्मोड़ा।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, अल्मोड़ा।
प्रथम जनपदीय टैक्नो मेला—2023—24



जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, अल्मोड़ा।
प्रथम जनपदीय टैक्नो मेला–2023–24